ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, शुक्रवार 03 अक्टूबर 2025

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 2 अंक 166

पृष्ठ 4

CBSE के 10वीं और 12वीं के बच्चे हो जाएं तैयार, आ गई टेंटेटिव डेटशीट





24 न्यूज अपडेट

सीबीएसई (CBSE) ने 17 फरवरी से 15 जुलाई 2026 के बीच 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं की संभावित (TENTATIVE) डेट शीट जारी कर दी है. क्लास 10 के लिए दो फेज में परीक्षाएं होंगीः पहला फेज 17 फरवरी से 6 मार्च, 2026 तक और दूसरा फेज 5 से 20 मई, 2026 तक होगा. वहीं, क्लास 12वीं की परीक्षाएं 17 फरवरी से 4 अप्रैल, 2026 तक आयोजित की जाएंगी. बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट 6 जून, 2026 को घोषित हो सकता है.

1. टेंटेटिव डेट शीट जारी

सीबीएसई ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 के लिए संभावित डेट शीट जारी की है, जिसमें परीक्षा की तिथियों के बारे में जानकारी दी है.

2. परीक्षाएं दो फेजों में (क्लास 10)

पिछले साल के जैसे ही क्लास 10 के लिए बोर्ड परीक्षाएं दो फेजों में आयोजित की जाएंगी.

3. क्लास 10 का पहला फेज

क्लास 10 की पहली फेज की परीक्षाएं 17 फरवरी से 6 मार्च, 2026 तक होंगी.

4. क्लास 10 का दूसरा फेज

क्लास 10 की दूसरे फेज की परीक्षाएं 5 मई से 20 मई, 2026 तक आयोजित की जाएंगी.

5. क्लास 12 की परीक्षाएं

क्लास 12वीं की बोर्ड परीक्षाएँ 17 फरवरी से 4 अप्रैल, 2026 तक होंगी.

6. प्रैक्टिकल परीक्षाएं

क्लास 12वीं की प्रैक्टिकल परीक्षाएं जनवरी और फरवरी 2026 में आयोजित की जाएंगी.

7. एडमिट कार्ड की तारीख

क्लास 10 के लिए एडमिट कार्ड फरवरी 2026 के पहले सप्ताह में जारी किए जा सकते हैं.

8. रिजल्ट की तारीख

क्लास 10 का रिजल्ट 4 अप्रैल, 2026 तक और क्लास 12 का रिजल्ट 20 मई, 2026 तक घोषित होने की उम्मीद है.


9. कम्पार्टमेंट परीक्षाएं

छात्रों को कम्पार्टमेंट परीक्षाओं के माध्यम से अपनी बोर्ड परीक्षा में सुधार का अवसर मिलेगा, जो जुलाई 2026 में आयोजित होंगी.

10. फाइनल डेट शीट का इंतजार

यह केवल एक टेंटेटिव डेट शीट है, इसलिए छात्रों को आधिकारिक वेबसाइट CBSE.NIC.IN पर जारी की जाने वाली फाइनल डेट शीट का इंतजार करना चाहिए.

बैंक चेक कल से कुछ ही घंटों में क्लियर होगाः बैंकों ने आज से नए क्लियरेंस सिस्टम का ट्रायल शुरू किया



24 न्यूज अपडेट

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी RBI चेक क्लियरेंस सिस्टम में कल (4 अक्टूबर) से बड़ा बदलाव करने जा रहा है। इसके तहत चेक का अमाउंट जमा करने के बाद कुछ ही घंटों में प्रोसेस होकर खाते में आ जाएगा। अभी चेक क्लियर होने में 2 दिन तक का समय लगता है।

ये नया सिस्टम 'कंटीन्युअस क्लियरिंग एंड सेटलमेंट' है। इसके लागू होने के बाद बैंक चेक को स्कैन करेंगे, प्रेजेंट करेंगे और कुछ ही घंटों में पास कर देंगे। ये सारा काम बैंक के कामकाजी घंटों में हो जाएगा। बैंकों ने आज से ही इसका ट्रायल शुरू कर दिया है।

बैंकों ने ग्राहकों से पर्याप्त बैलेंस रखने को कहा HDFC और ICICI बैंक सहित निजी बैंकों ने बताया कि 4 अक्टूबर से चेक का सेटलमेंट उसी दिन हो जाएगा। दोनों बैंकों ने कस्टमर्स से कहा है कि अकाउंट में पर्याप्त बैलेंस रखें, ताकि चेक बाउंस न हो। साथ ही चेक की सारी डिटेल्स सही-सही भरें, वरना देरी या रिजेक्शन हो सकता है।

बैंकों ने कस्टमर्स से कहा है कि सिक्योरिटी बढ़ाने के लिए पॉजिटिव पे सिस्टम यूज करें। इसके तहत 50,000 रुपए से ज्यादा के चेक जमा करने से पहले कुछ जरूरी डिटेल्स बैंक को देनी होंगी।

इसमें आपको अपना अकाउंट नंबर, चेक नंबर, तारीख, अमाउंट और जिसको चेक दे रहे हैं, उसका नाम कम से कम 24 वर्किंग घंटे पहले बैंक को बताना होगा।

बैंक चेक मिलने पर इन डिटेल्स को चेक करेगा। अगर सब कुछ मैच हुआ तो चेक क्लियर हो जाएगा, नहीं तो रिजेक्ट हो जाएगा। ऐसे में आपको डिटेल्स दोबारा देनी होंगी।

सेना प्रमुख बोले- भारत अब संयम नहीं रखेगाः आगे की कार्रवाई करेगा; पाकिस्तान को सोचना पड़ेगा, भूगोल में रहना है या नहीं



24 न्यूज अपडेट

श्रीगंगानगर में आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा- जिस तरह से भारत ने ऑपरेशन सिंदूर 1.0 में संयम रखा है, अबकी बार भारत ये संयम नहीं रखेगा। इस बार हम आगे की कार्रवाई करेंगे और कुछ इस तरह की कार्रवाई करेंगे कि पाकिस्तान को सोचना पड़ेगा कि उसे भूगोल में रहना है या नहीं।

अगर पाकिस्तान को भूगोल में अपनी जगह बनानी है, तो उसे अब आतंकवाद को संरक्षण देना बंद करना पड़ेगा। सेना प्रमुख ने जवानों से कहा कि अब आप अपनी पूरी तैयारी करके रखें, अगर भगवान ने चाहा तो जल्द ही ये मौका मिलेगा। सेना प्रमुख शुक्रवार सुबह घड़साना के गांव 22 एमडी में आर्मी छावनी पहुंचे थे।

न्यूज एजेंसी PTI के अनुसार आर्मी चीफ ने कहा-

ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को नष्ट किया, जिसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए थे। ऑपरेशन सिंदूर हमारी जिंदगी से इस तरह से जुड़ गया है कि जब तक हम जीवित रहेंगे, तब तक यह हमारे साथ रहेगा। ऑपरेशन सिंदूर नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से दिया गया था और ये ऑपरेशन महिलाओं को समर्पित था।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय सेना के साथ लोगों को भी सफलता का श्रेय दिया है। उन्होंने कहा कि इस देश की कोई भी महिला अपनी मांग में सिंदूर लगाती है तो उस समय वो भारतीय सेना के जवानों को याद करती है, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

इस बार आतंकवाद के खिलाफ जो ऑपरेशन सिंदूर किया गया है, पूरे ऑपरेशन का नाम एक ही रखा गया था, जबकि इससे पहले जो भी ऑपरेशन किए गए हैं, उनके नाम अलग-अलग हुआ करते थे।

देश में बाल-विवाह के मामले 6 गुना बढ़ेः असम में सबसे ज्यादा केस; शादी के लिए 16 हजार से ज्यादा लड़कियों का अपहरण हुआ



24 न्यूज अपडेट


देश में बाल विवाह रोकने के लिए सख्त कानून होने के बावजूद हालात चिंताजनक होते जा रहे हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) की रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2023 में बाल विवाह के मामले 2022 की तुलना में छह गुना बढ़ गए।

रिपोर्ट बताती है कि साल 2023 में 6,038 मामले दर्ज किए गए, जबकि 2022 में केवल 1,002 और 2021 में 1,050 मामले दर्ज हुए थे। इस तरह तीन सालों में बाल विवाह से जुड़े मामलों में अचानक बड़ी बढ़ोतरी देखी गई है।

सबसे ज्यादा मामले असम में दर्ज हुए, जहां अकेले 5,267 केस सामने आए। यह पूरे देश में दर्ज कुल मामलों का करीब 90% है। इसके अलावा, तमिलनाडु में 174, कर्नाटक में 145 और पश्चिम बंगाल में 118 मामले दर्ज हुए।

वहीं, छत्तीसगढ़, नगालैंड, लद्दाख और लक्षद्वीप में साल 2023 में एक भी केस दर्ज नहीं हुआ। NCRB रिपोर्ट के मुताबिक, बाल विवाह के लिए 16,737 लड़कियों और 129 लड़कों का अपहरण किया गया।

सेंसेक्स 223 अंक चढ़कर 81,207 के स्तर पर बंदः निफ्टी भी 57 अंक चढ़ा, मेटल सेक्टर में 2% की तेजी रही



24 न्यूज अपडेट

हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार, 3 अक्टूबर को शेयर बाजार तेजी के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 223 अंक की तेजी के साथ 81,207 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी भी 57 अंक चढ़कर 24,894 के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 15 शेयर्स में तेजी और 15 शेयर्स में गिरावट रही। कारोबार के दौरान सेंसेक्स में दिन के निचले स्तर से 600 अंक और निफ्टी में 150 अंक की रिकवरी आई। सुबह सेंसेक्स में 200 अंक और निफ्टी में 50 अंक की गिरावट देखने को मिली थी।

NSE के मेटल सेक्टर में करीब 2% और PSU बैंक सेक्टर में 1% की तेजी रही। प्राइवेट बैंक, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, मीडिया, फाइनेंशियल सर्विसेज, FMCG, IT, फार्मा और ऑयल एंड गैस सेक्टर में भी तेजी रही। वहीं ऑटो और रियल्टी सेक्टर में गिरावट रही।

सोने के दाम में गिरावट, चांदी में तेजीः सोना 378 घटकर 1,16,954 पर आया; चांदी 490 महंगी हुई, 1.45 लाख प्रति किलो बिक रही



24 न्यूज अपडेट

सोने के दाम में आज यानी 3 अक्टूबर को गिरावट देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 378 रुपए घटकर 1,16,954 रुपए पर आ गया। वहीं चांदी के दाम आज बढ़े हैं। इसकी कीमत 490 चढ़कर 1,45,610 रुपए प्रति किलो पर आ गई है। 1 अक्टूबर को सोने ने 1,17,332 रुपए और चांदी ने 1,45,120 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

ऑनलाइन गेमिंग कंट्रोल करने के लिए नया रेगुलेटर बनेगाः गेमिंग बिल 2025 का ड्राफ्ट जारी; मनी गेम्स पर बैन, सोशल गेम्स प्रमोट करेगी सरकार



24 न्यूज अपडेट

इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने आज यानी 3 अक्टूबर को 'प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग रूल्स, 2025' का ड्राफ्ट जारी कर दिया है।

नया ड्राफ्ट ऑनलाइन गेमिंग एक्ट, 2025 के नियमों की जानकारी के लिए जारी किया गया है, जो संसद में 22 अगस्त को पास हुआ था। ये एक्ट 1 अक्टूबर से लागू हो चुका है।

इस एक्ट का मकसद ई-स्पोर्ट्स और सोशल गेम्स को बढ़ावा देना, यूजर सेफ्टी के लिए मनी गेमिंग पर रोक लगाना है। सरकार ने नए ऑनलाइन गेमिंग एक्ट के नियमों पर लोग 31 अक्टूबर तक लोगों से सुझाव मांगे हैं।

ऑनलाइन गेमिंग कंट्रोल करने के लिए नया रेगुलेटर बनेगा

सरकार ने ड्राफ्ट में बताया है कि ऑनलाइन गेमिंग कंट्रोल करने के लिए ऑनलाइन गेमिंग अथॉरिटी ऑफ इंडिया' (OGAI) का गठन किया जाएगा। इसका हेडक्वार्टरदिल्ली-NCR में होगा। यह बॉडी गेम्स को ई-स्पोर्ट्स, सोशल गेम्स या मनी गेम्स में कैटेगरी बनाएगी।

OGAI एक नेशनल रजिस्ट्री रखेगी और सर्टिफिकेट जारी करेगी। यह शिकायतों की जांच करेगी, पेनल्टी लगाएगी और फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशंस व पुलिस से कोऑर्डिनेट करेगी। गेमिंग सर्विस प्रोवाइडर्स को ई-स्पोर्ट्स और सोशल गेम्स के लिए 5 साल वैलिड रजिस्ट्रेशन लेना होगा।

संपादकीय : स्थिरता की दर

देश में केंद्रीय रिजर्व बैंक की ओर से रेपो दरों के संबंध में जो फैसला लिया जाता है, उसका असर मुख्यतः बाजार में ऋण चुकाने के लिए मासिक किस्तों पर किसी वस्तु की खरीदारी से लेकर जमीन-जायदाद के कारोबार पर भी पड़ता है। इसलिए जब भी रेपो दरों के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक होती है, तब इसे लेकर आम लोगों के बीच उत्सुकता रहती है। हालांकि ज्यादातर साधारण लोगों को अर्थव्यवस्था के जटिल नियम-कायदों से बहुत वास्ता नहीं होता और वे ऐसे फैसलों के अमल के बाद बनने वाली स्थितियों पर निर्भर रहते हैं कि उनकी जेब ढीली होगी या उन्हें राहत मिलेगी। गौरतलब है कि बुधवार को मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद यह घोषणा की गई कि इस बार भी नीतिगत दरों में में कोई बदलाव नहीं होगा। यानी बीते अगस्त की तरह अक्तूबर में ब्याज दर को 5.5 फीसद पर ही यथावत रखा गया है। कहा जा सकता है कि त्योहारों के इस मौसम में अगर लोगों को अतिरिक्त राहत नहीं मिली है, तो कोई बड़ा झटका भी नहीं लगा है। हालांकि पिछले कुछ समय से भारत सहित दुनिया भर में आर्थिक मोर्चे पर जिस तरह की अनिश्चितता बनी हुई है, उसमें आम लोगों का आशंकित होना स्वाभाविक है। दरअसल, अमेरिका की ओर से शुल्क लगाए जाने की नीति पर कदम बढ़ाने के बाद भारत सरकार ने आंतरिक मोर्चे पर अर्थव्यवस्था को संभालने और आम लोगों को राहत देने के लिए जिस तरह माल एवं सेवा कर के ढांचे में बदलाव करने सहित कुछ अन्य कदम उठाए, उसमें रेपो दरों को लेकर भी लोगों के बीच यह उम्मीद बंधी थी कि इसमें भी कोई राहत का संदेश आएगा । मगर केंद्रीय बैंक की ओर से इसे यथावत रखने की घोषणा के बाद अब संभव है कि लोगों को अपने आर्थिक मामलों में थोड़ा संतुलन का ध्यान रखना होगा। इससे पहले इस वर्ष रेपो दरों में तीन बार कटौती के साथ इसमें सौ आधार अंकों की कमी की जा चुकी है। जाहिर है, यह न केवल देश के भीतर आर्थिक उतार-चढ़ावों का सामना करने की कोशिश है, बल्कि फिलहाल दुनिया भर में आर्थिक मोर्चे पर जैसी चुनौतियां खड़ी हैं, उसमें स्थिरता बनाए रखने के उपायों से अर्थव्यवस्था को संभालने में मदद मिल सकती है। केंद्रीय रिजर्व बैंक की ओर से रेपो दरों को लेकर जो फैसले लिए जाते हैं, उसके तहत अगर इसमें कमी की जाती है, तो उसे मुख्य रूप से ऋण के लिहाज से सुविधाजनक माना जाता है। ऋण का सस्ता या महंगा होने का हिसाब इसी पर निर्भर करता है । इसका सीधा और पहला असर वैसे उपभोक्ताओं पर पड़ता है, जिन्होंने घर, वाहन या अन्य सामान या फिर शिक्षा के लिए बैंकों से कर्ज लिया होता है। चूंकि रिजर्व बैंक की नीतिगत दरों के अनुरूप ही व्यावसायिक बैंक उपभोक्ताओं को दिए जाने वाले ऋण और अन्य सावधि जमा के मद में ब्याज की दरों का निर्धारण करते हैं, इसलिए वैसे लोग भी रिजर्व बैंक की ओर से नीतिगत दरों में कमी किए जाने का इंतजार करते हैं, जो कर्ज सस्ता होने के बाद कुछ खरीदने या कही निवेश करने के बारे में सोच रहे होते हैं। इस लिहाज से देखें तो इस बार नीतिगत दरों के यथावत रहने से ऋण की मासिक किस्तों में कोई बदलाव नहीं होगा। इससे बाजार की मौजूदा गति में कोई बड़ा अंतर शायद न आए, मगर इस वर्ष वाहन और जमीन-जायदाद के कारोबार में जो थोड़ी हलचल दिखी है, उसमें स्थिरता कायम रहने की उम्मीद की जा सकती है।

सामाजिक विफलता

बिहार में मतदाता सूचियों में सुधार की प्रक्रिया पूरी हो गई । निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण कर मंगलवार को नई मतदाता सूची जारी कर दी। आयोग की इस कवायद को लेकर राज्य में सियासत गरमा गई थी। विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले सूचियों के पुनरीक्षण पर सवाल उठाए गए। दस्तावेजी सबूत पर भी खासा विवाद हुआ और मामला शीर्ष अदालत तक पहुंचा । अदालती दखल के बाद ही आधार को नागरिकता दस्तावेजों की सूची में शामिल किया गया और मतदाताओं को इससे अपनी पात्रता साबित करने का मौका मिला। नई मतदाता सूची के मुताबिक, राज्य में कुल मतदाताओं की संख्या सात करोड़ बयालीस लाख है। इससे पहले इस वर्ष जून में यह संख्या 7.89 करोड़ थी । इस लिहाज से मतदाताओं की संख्या छह फीसद कम हो गई है। अड़सठ लाख से ज्यादा नाम काटे गए हैं। इनमें पैंसठ लाख नाम एक अगस्त को मसौदा सूची प्रकाशित होने पर और दावे एवं आपत्तियों के चरण में तीन लाख छियासठ हजार नाम अंतिम सूची से हटाए गए। चुनाव आयोग का कहना है कि हटाए गए कुल नामों में से करीब दो लाख लोग ऐसे हैं, जो राज्य से बाहर जा चुके हैं। इसमें दोराय नहीं कि मतदाता सूचियों में शुचिता के लिए समय-समय पर पुनरीक्षण होना चाहिए। मृत और अयोग्य लोगों के नाम हटने चाहिए। आयोग के मुताबिक, इस बार अस्सी हजार ऐसे लोग थे, जिनके नाम दो बार दर्ज पाए गए। हालांकि इस प्रक्रिया के दौरान मतदाताओं को अपने दावे और आपत्तियां दर्ज कराने का मौका दिया गया था। नई मतदाता सूची में अगर छह फीसद नाम घटे हैं, तो इक्कीस लाख तिरपन हजार नए मतदाता जुड़े भी हैं। ऐसे में अगर कोई मतदाता खुद के योग्य होने के बावजूद नाम कटने का सवाल उठता है तो चुनाव आयोग को चाहिए कि इस तरह की आपत्तियों का समय रहते निराकरण किया जाए। कोई भी पात्र नागरिक मतदान से वंचित न हो, सुनिश्चित करना आयोग की ही जिम्मेदारी है। चुनाव प्रक्रिया में निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखना लोकतांत्रिक व्यवस्था में अत्यंत आवश्यक है।

उदयपुर में झमाझम बारिश से झीलों में आवक, उदयसागर बांध के गेट खोले जाएंगे



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदयपुर जिले के कैचमेंट एरिया में पिछले 24 घंटे से हो रही लगातार बारिश से शहर की झीलों में पानी की तेज आवक शुरू हो गई है। उदयसागर बांध का जलस्तर तेजी से बढ़ा है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जलस्तर नियंत्रित रखने के लिए उदयसागर बांध के गेट 3-3 फीट तक खोले जाएंगे। इसके बाद बेड़च नदी में पानी का बहाव और तेज हो जाएगा। विभाग ने स्पष्ट किया कि बांध से छोड़ा जाने वाला पानी झीलों के जलस्तर को संतुलित करने और अतिरिक्त दबाव कम करने के लिए आवश्यक है। आमजन के लिए एडवाइजरी जारी जिला प्रशासन और सिंचाई विभाग ने संयुक्त रूप से एडवाइजरी जारी की है। इसमें बेड़च नदी के बहाव क्षेत्र में किसी भी प्रकार की गतिविधि न करने की सख्त हिदायत दी गई है। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि वे बहते पानी या रपट पार करने का प्रयास न करें। ग्रामीण क्षेत्रों में मुनादी कर लोगों को सचेत किया जा रहा है। आपदा प्रबंधन टीमों को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है। फतेहसागर, पिछोला और स्वरूपसागर झीलों में भी पानी की लगातार आवक हो रही है।

उदयपुर के ऑटो चालकों को लगाने होंगे विंडस्क्रीन पर स्टीकर, लिखा होगा वाहन संख्या, वाहन स्वामी का नाम एवं मोबाइल नंबर, चालक का नाम



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। जिला पुलिस अधीक्षक, उदयपुर योगेश गोयल ने बताया कि उदयपुर शहर देशी-विदेशी पर्यटकों का प्रमुख आकर्षण केंद्र है। यहां हर वर्ष लाखों सैलानी घूमने आते हैं। शहर की संकरी सड़कें, ढलान और अन्य भौगोलिक परिस्थितियों के कारण अधिकतर पर्यटक ऑटो द्वारा ही भ्रमण करते हैं। पर्यटकों की सुरक्षा, सुविधा और विश्वास बढ़ाने के लिए शहर में ऑटो स्टिकर अभियान शुरू किया जा रहा है। अभियान के तहत शहर में संचालित लगभग 3000 ऑटो पर वाहन संख्या, वाहन स्वामी का नाम एवं मोबाइल नंबर, चालक का नाम एवं मोबाइल नंबर, साथ ही हेल्पलाइन नंबर का स्टिकर लगाया जाएगा। स्टिकर को ऑटो की विंडस्क्रीन पर सामने और अंदर की तरफ लगाया जाएगा ताकि पर्यटक ऑटो किराए पर लेने और अंदर बैठने के तुरंत बाद सभी जरूरी जानकारी प्राप्त कर सकें। इससे यह भी सुनिश्चित होगा कि यदि कभी कोई पर्यटक अपना सामान ऑटो में भूल जाए तो वह चालक या वाहन स्वामी से तुरंत संपर्क कर सके।

जिला पुलिस अधीक्षक श्री योगेश गोयल ने बताया कि इस स्टिकर अभियान के साथ-साथ चालकों और वाहन स्वामियों का सत्यापन भी किया जाएगा। इससे उन्हें हर समय दस्तावेज साथ रखने की आवश्यकता नहीं होगी।

कार्यक्रम और शुभारंभः यह अभियान 04 अक्टूबर 2025 को सुबह 11:00 बजे यातायात कार्यालय के सामने, दिल्ली दरवाजे पर आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर माननीय विधायक शहर उदयपुर श्री ताराचंद जी जैन, विधायक उदयपुर ग्रामीण श्री फूलचंद जी मीणा, महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज, जिला कलक्टर उदयपुर, जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर और अन्य वरिष्ठ गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा विभिन्न ऑटो यूनियन के पदाधिकारी भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

स्टिकर लगाने का कार्य 15 दिनों तक चलेगा। जिन ऑटो स्वामियों ने अभी तक अपने वाहन की जानकारी यातायात कार्यालय में नहीं दी है, उन्हें तुरंत अपना विवरण प्रस्तुत करना होगा ताकि 15 दिनों के भीतर स्टिकर लगाया जा सके। यदि कोई वाहन चालक अपना विवरण प्रस्तुत नहीं करता है, तो उसे स्वयं यह कार्य करवाना होगा। इसके बाद नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध एम.वी. एक्ट के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। शुभारंभ समारोह के दौरान यातायात कर्मियों को IIFL फाउंडेशन द्वारा प्रदान किए गए ISI मार्का वाले हेलमेट भी वितरित किए जाएंगे।

दर्दनाक हादसे में कपड़ा व्यापारी की मौत



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 4 अक्टूबर। गोगुंदा-पिंडवाड़ा नेशनल हाईवे पर शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें केशुलाल भोगर (60) निवासी ढोल की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा खाखड़ी गांव के पास हुआ, जब व्यापारी की स्कूटी को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। सूचना मिलते ही हाईवे पेट्रोलिंग टीम और गोगुंदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को गोगुंदा सरकारी हॉस्पिटल की मोर्चरी में सुरक्षित रखा। पुलिस ने बताया कि भोगर अपने गांव ढोल से किसी परिचित से मिलने गोगुंदा आए थे और वापसी के समय हादसे का शिकार हुए। केशुलाल भोगर सूरत में कपड़ा व्यवसाय से जुड़े थे और नवरात्रि के अवसर पर अपने गांव आए थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वे स्कूटी से उड़कर करीब 5 मीटर दूर जा गिरे और सिर में गंभीर चोट लगने से तुरंत ही उनकी मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचेंगे और पोस्टमॉर्टम कराएंगे। पुलिस ने अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से युवक की मौत



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर। सागवाड़ा थाना क्षेत्र के घोटाद गांव में रविवार रात एक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। पैदल घर लौट रहे युवक को तेज रफ्तार बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। थाना पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान कमलेश डोडियार निवासी घोटाद के रूप में हुई है। परिजनों ने रिपोर्ट में बताया कि कमलेश, लिमड़ी गांव स्थित माताजी मंदिर से दर्शन कर घर लौट रहा था। घोटाद पुलिया के पास सामने से आई बाइक ने उसे टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल कमलेश को पहले सागवाड़ा अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद परिजन उसे घर ले आए, लेकिन तबीयत बिगड़ने पर दोबारा अस्पताल पहुंचाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। आरोपी बाइक चालक की तलाश की जा रही है और मामले की जांच जारी है।

चित्तौड़गढ़ में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (NSG) कमांडो की 'गांडीव एक्सरसाइज'



24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़। शुक्रवार सुबह शहर के रेलवे स्टेशन, कलेक्ट्रेट और सैनिक स्कूल जैसे संवेदनशील स्थानों पर अचानक हुए बम धमाकों की खबर ने लोगों को दहशत में डाल दिया। कुछ ही मिनटों में अफवाह फैल गई कि शहर पर आतंकवादी हमला हुआ है। रेलवे स्टेशन पर कई लोगों के मारे जाने और दर्जनों के घायल होने की झूठी सूचना से हर कोई सकते में आ गया। लेकिन यह कोई वास्तविक हमला नहीं था। दरअसल, यह राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (NSG) कमांडो द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की 'गांडीव एक्सरसाइज' का हिस्सा था। दो दिन तक चलने वाले इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य स्थानीय पुलिस, प्रशासन और आपात सेवाओं की तत्परता और प्रतिक्रिया क्षमता का परीक्षण करना है। चित्तौड़गढ़ को राजस्थान का पहला जिला चुना गया है, जहां यह अभ्यास हो रहा है।

रेलवे स्टेशन पर ब्लास्ट का मॉक सीन

अभ्यास की शुरुआत चित्तौड़गढ़ रेलवे स्टेशन से हुई। स्थिति मानो वास्तविक धमाके जैसी बनाई गई थी। मॉक ड्रिल के अनुसार तीन लोगों की मौत और करीब 15 घायल होने की स्थिति दिखाई गई। स्टेशन के बाहर 3-4 संदिग्धों को जाते हुए दिखाया गया, जिससे माहौल तनावपूर्ण बना। तुरंत जिला पुलिस, फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को हॉस्पिटल ले जाया गया। संदिग्ध अटैची और बम डिटेक्टर का उपयोग कर सुरक्षा टीम ने तलाशी अभियान चलाया। कलेक्ट्रेट और सैनिक स्कूल में मॉक ब्लास्ट रेलवे स्टेशन के बाद कलेक्ट्रेट परिसर में ब्लास्ट की काल्पनिक स्थिति बनाई गई, जिसमें दो लोग घायल हुए। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया और घायलों को अस्पताल पहुँचाया। प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस ने पूरे परिसर की घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया। अभ्यास का अगला पड़ाव सैनिक स्कूल था। यहाँ आतंकवादियों की घुसपैठ का मॉक सीन बनाया गया। बच्चों और स्टाफ को सुरक्षित बाहर निकाला गया और एनएसजी कमांडो ने स्कूल परिसर में संदिग्धों की तलाश की। पूरे इलाके में सायरन बजते रहे और अफरा-तफरी का माहौल बना।

प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

एसपी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि यह राष्ट्रीय स्तर की एक्सरसाइज है। अलग-अलग स्थानों पर अलग-अलग परिदृश्य बनाकर पुलिस, फायर ब्रिगेड, स्वास्थ्य विभाग और एनएसजी टीम को सक्रिय किया गया। पूरे जिले में नाकाबंदी, वाहन जांच और तलाशी अभियान चलाया गया। आम लोगों को सुरक्षा और सतर्कता के संदेश दिए गए।

पुलिस थाना डबोक की बड़ी कार्रवाई : एटीएम लूटकांड में एक और आरोपी गिरफ्तार

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। पुलिस थाना डबोक ने एटीएम लूटकांड के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस प्रकरण में अब तक कुल छह आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर योगेश गोयल के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खेरवाड़ा अंजना सुखवाल एवं सहायक पुलिस अधीक्षक वृत्त मावली आशिमा वासवानी के सुपरविजन में थानाधिकारी डबोक हुकम सिंह के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। गौरतलब है कि 12 नवम्बर 2022 को डबोक स्थित एसबीआई बैंक के एटीएम पर सुरक्षा गार्ड के हाथ-पांव बांधकर व डरा-धमकाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया गया था। इस संबंध में थाना डबोक में प्रकरण संख्या 323/2022 धारा 392, 427 भादस में मुकदमा दर्ज किया गया था। ताजा कार्रवाई के तहत पुलिस ने गणेश पुत्र हमीराराम निवासी खेतड़ी मोड़ थाना कोतवाली, नीमकाथाना जिला सीकर को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है तथा उससे वारदात से जुड़े तथ्यों का पता लगाया जा रहा है। इससे पहले पुलिस इस प्रकरण में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज चुकी है। इस कार्रवाई में थानाधिकारी हुकम सिंह, सहायक उप निरीक्षक मनोहर सिंह, कानि. 1341 रतनलाल एवं कानि. 430 सतवीर शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपी से पूछताछ जारी है और पूरे गिरोह के नेटवर्क व लूट की रकम के इस्तेमाल को लेकर आगे की जांच की जा रही है।

समाचार भेजने के लिए हमारी मेल आई-डी पर संपर्क करें -
desk24newsupdate@gmail.com

हजारों लोगों की मौजूदगी में धूमधाम से हुआ रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद का दहन



24 न्यूज अपडेट

कविता पारख निंबाहेड़ा। नगर परिषद निंबाहेड़ा द्वारा आयोजित ग्यारह दिवसीय राष्ट्रीय दशहरा मेले का समापन गुरुवार को विजयादशमी के अवसर पर रावण दहन के साथ हुआ। राष्ट्रीय दशहरा मेला प्रांगण में हजारों मेलार्थियों की उपस्थिति में बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक स्वरूप रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के विशाल पुतलों का रात्री 8.20 बजे दहन किया गया।

दशहरा मेले के इस भव्य आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में मेला आयोजन समिति संरक्षक, पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष रतन लाल गाडरी ने की। इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक नवलखा, जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर, श्री सांवलिया जी मंदिर मण्डल ट्रस्ट अध्यक्ष जानकीदास वैष्णव, पूर्व नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, पूर्वी मंडल अध्यक्ष अशोक जाट कनेरा मण्डल अध्यक्ष जुगलकिशोर धाकड़ सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

प्रशासनिक स्तर पर भी अधिकारियों की विशेष मौजूदगी रही। उपखंड अधिकारी एवं नगर परिषद प्रशासक विकास पंचौली, एडिशनल एसपी मुकेश सांखला, पुलिस उप अधीक्षक बद्रीलाल राव, नगर परिषद आयुक्त कौशल कुमार खटूमरा, तहसीलदार घनश्याम झरवार ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

रावण दहन से पूर्व रामलीला मंचन में कलाकारों ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की जीवन लीला का सजीव चित्रण प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उपस्थित दर्शकों ने कलाकारों के संवाद और प्रस्तुति की सराहना की। रामलीला के समापन के बाद जब रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतलों में अग्नि प्रज्वलित की गई तो आसमान आतिशबाजी से जगमगा उठा और पूरा मैदान "जय श्रीराम" के जयघोष से गूंज उठा।

रावण दहन कार्यक्रम में विधायक एवं मेला आयोजन समिति संरक्षक श्रीचंद कृपलानी ने अपने संबोधन में कहा कि दशहरा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद का दहन हमें यह संदेश देता है कि अन्याय, अहंकार और अधर्म चाहे कितना भी बड़ा क्यों न हो, उसका अंत निश्चित है। उन्होंने कहा कि निंबाहेड़ा का राष्ट्रीय दशहरा मेला वर्षों से सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक समरसता का प्रतीक रहा है। यह मेला नगर की पहचान बन चुका है और इसमें सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी इसकी भव्यता को और बढ़ाती है।

जीएसटी (गुड्स एंड सर्विस टैक्स) पर बोलते हुए विधायक कृपलानी ने कहा कि यह व्यवस्था देश की आर्थिक रीढ़ को मजबूत करने के उद्देश्य से लागू की गई है। इसका लाभ व्यापारियों और आमजन दोनों को दीर्घकाल में मिलेगा। उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि वे पारदर्शी व्यापार प्रणाली को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें।

अंत में कृपलानी ने मेला आयोजन समिति, प्रशासन, पुलिस विभाग एवं नगर परिषद को सफल आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि आने वाले वर्षों में निंबाहेड़ा का दशहरा मेला और भी भव्य स्वरूप में आयोजित होगा।

श्री हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ का हुआ आयोजन

राष्ट्रीय दशहरा मेला प्रांगण में रावण दहन से पूर्व धार्मिक वातावरण एवं हजारों मेलार्थियों की उपस्थिति में सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। हजारों श्रद्धालुओं ने एक स्वर में श्री हनुमान चालीसा का पाठ कर माहौल को भक्तिमय बना दिया।

कार्यक्रम में नगर के संत-महंतों सहित बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सामूहिक पाठ के दौरान पूरा पंडाल जय बजरंगबली और हनुमान जी महाराज की जय के जयघोष से गूंज उठा।

आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि श्री हनुमान चालीसा का पाठ बुराई पर अच्छाई की विजय के इस पर्व का आध्यात्मिक प्रारंभ है, जो जनमानस में सकारात्मक ऊर्जा और धार्मिक आस्था का संचार करता है।

राष्ट्रीय दशहरा मेले में पहली बार विधायक कृपलानी ने बटन दबाकर किया आतिशबाज़ी का शुभारंभ

राष्ट्रीय दशहरा मेले के इतिहास में इस बार एक नया अध्याय जुड़ गया। मेले में पहली बार आतिशबाज़ी का शुभारंभ विधायक एवं मेला आयोजन समिति संरक्षक श्रीचंद कृपलानी ने बटन दबाकर किया। जैसे ही विधायक ने बटन दबाया, वैसे ही आसमान रंग-बिरंगी रोशनी और धमाकेदार आतिशबाज़ी से जगमगा उठा।

हजारों की संख्या में मौजूद दर्शकों ने तालियों और जयघोष के साथ इस ऐतिहासिक क्षण का स्वागत किया। आतिशबाज़ी का दृश्य देखते ही पूरा मैदान जय श्रीराम और भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा।

मेले की भव्यता और आकर्षण बढ़ाने के लिए इस बार तकनीकी रूप से आधुनिक आतिशबाज़ी का आयोजन किया गया है। विधायक कृपलानी ने इस अवसर पर कहा कि निंबाहेड़ा का दशहरा मेला प्रदेश ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाए हुए है और आने वाले वर्षों में इसकी भव्यता और भी बढ़ेगी।

एएसआई पद पर प्रमोशन होते ही हाथों में मची खुजली, लव मैरिज करने वाले से मांगी रिश्वत, रंगे हाथों धरा गया



24 न्यूज अपडेट

सीकर। महज दो दिन पहले हेड कॉन्स्टेबल से एएसआई पद पर प्रमोट हुए पुलिसकर्मी की खुशी ज्यादा दिन टिक नहीं पाई। रानोली थाने में तैनात हेड कॉन्स्टेबल रामनिवास बाजिया को झुंझुनूं एसीबी टीम ने रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ लिया। बाजिया पर आरोप है कि उसने लव मैरिज करने वाले युवक को छोड़ने की एवज में 20 हजार रुपए रिश्वत की मांग की। युवती ने पुलिस के सामने साफ कहा था कि वह अपनी मर्जी से शादी कर चुकी है, फिर भी बाजिया युवक पर दबाव बनाता रहा। 20 लाख में भी शादी नहीं रुकती, मैं तो 20 हजार ही मांग रहा हूँ एसीबी के मुताबिक आरोपी हेड कॉन्स्टेबल ने पीड़ित परिवार से यह तक कह दिया कि 20 लाख रुपए देने पर भी शादी नहीं होती, मैं तो सिर्फ 20 हजार मांग रहा हूँ। पहले 2100 रुपए लेकर फाइल दबाने का झांसा दिया गया। इसके बाद 20 हजार रुपए की मांग पर सौदा 15 हजार में तय हुआ। इसी दौरान परिवादी ने एसीबी से संपर्क किया और जाल बिछा दिया गया। दो दिन पहले ही मिला था प्रमोशन एसीबी डीवाईएसपी शब्बीर खान ने बताया कि रामनिवास बाजिया का 1 अक्टूबर को ही एएसआई पद पर प्रमोशन हुआ था और वह ट्रेनिंग पर जाने वाला था। लेकिन प्रमोशन का जश्न मनाने से पहले ही वह भ्रष्टाचार के जाल में फँसकर सलाखों के पीछे पहुंच गया।

एसीबी की कार्रवाई

जैसे ही रिश्वत की राशि तय हुई, एसीबी टीम ने मौके पर दबिश देकर बाजिया को रंगेहाथ पकड़ लिया। आरोपी अब जेल की हवा खा रहा है और एसीबी आगे की जांच में जुट गई है।


आगामी त्यौहारों पर 02 जोडी स्पेशल रेलसेवाओं का मार्ग में अतिरिक्त ठहराव




24 न्यूज अपडेट

जयपुर। रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु आगामी त्यौहारों पर संचालित होने वाली 02 स्पेशल रेलसेवाओं का मार्ग में अतिरिक्त ठहराव दिया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री शशि किरण के अनुसार निम्न रेलसेवाओं मार्ग में निम्न ठहराव करेगीः- 1. गाडी संख्या 05024, खातीपुरा (जयपुर)-गोमतीनगर स्पेशल रेलसेवा जो दिनांक 08.10.25 से खातीपुरा से प्रस्थान करेगी वह शाहजहाँपुर स्टेशन पर 06.41 बजे आगमन व 06.43 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 05023, गोमतीनगर-खातीपुरा (जयपुर) स्पेशल रेलसेवा जो दिनांक 07.10.25 से गोमतीनगर से प्रस्थान करेगी वह शाहजहाँपुर स्टेशन पर 05.21 बजे आगमन व 05.23 बजे प्रस्थान करेगी। 2. गाडी संख्या 04829, जोधपुर-गोरखपुर स्पेशल रेलसेवा जो दिनांक 09.10.25 से जोधपुर से प्रस्थान करेगी वह हापुड स्टेषन पर 06.20 बजे आगमन व 06.22 बजे प्रस्थान, शाहजहाँपुर स्टेशन पर 10.46 बजे आगमन व 10.48 बजे प्रस्थान एवं हरदोई स्टेशन पर 11.28 बजे आगमन व 11.30 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 04830, गोरखपुर-जोधपुर स्पेशल रेलसेवा जो दिनांक 10.10.25 से गोरखपुर से प्रस्थान करेगी वह हरदोई स्टेशन पर 07.31 बजे आगमन व 07.33 बजे प्रस्थान, शाहजहाँपुर स्टेशन पर 08.14 बजे आगमन व 08.16 बजे प्रस्थान एवं हापुड स्टेशन पर 12.23 बजे आगमन व 12.25 बजे प्रस्थान करेगी।

62वीं अखिल भारतीय रेलवे ट्रैक साइकिलिंग चैम्पियनशिप 2025-26 में मंजीत कुमार ने जीता स्वर्ण





24 न्यूज अपडेट

जयपुर, 3 अक्टूबर। सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित 62वीं अखिल भारतीय रेलवे ट्रैक साइकिलिंग चैम्पियनशिप 2025-26 के दूसरे दिन रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। रेलवे खेलकूद संवर्धन बोर्ड, नई दिल्ली के तत्वाधान में उत्तर पश्चिम रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में 8 टीमों के लगभग 70 साइक्लिस्ट ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 4 किलोमीटर इंडिविजुअल पर्सूट में पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के मंजीत कुमार ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उत्तर रेलवे के विश्वजीत सिंह को रजत और दक्षिण पश्चिम रेलवे के वेनकप्पा केंग्लागुट्टी को कांस्य पदक मिला। टीम स्प्रिंट में भी पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने बाजी मारी, स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि उत्तर रेलवे को रजत और मध्य रेलवे को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। इसी क्रम में स्प्रिंट इवेंट में पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के इसोव ने स्वर्ण, उनके साथी रोजित सिंह ने रजत और उत्तर रेलवे के जामेश ने कांस्य पदक जीता। चैंपियनशिप में रेलवे खेलकूद संवर्धन बोर्ड, नई दिल्ली के स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर प्रवीण, ओएसडी स्पोर्ट्स जितेंद्र कुमार, प्रतिभागी खिलाड़ी, अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। समापन और पुरस्कार वितरण समारोह 4 अक्टूबर, शनिवार को उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया जाएगा।

रावण दहन में 'मुन्नी बदनाम' पर डांस से बवाल, जयपुर में हंगामा



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। विजयदशमी पर प्रतापनगर सेक्टर–16 में हुए रावण दहन कार्यक्रम के दौरान बॉलीवुड गाना 'मुन्नी बदनाम हुई' पर डांस पेश किया गया। मंच पर यह प्रस्तुति होते ही स्थानीय लोगों ने इसे धार्मिक आयोजन में अशोभनीय बताते हुए विरोध शुरू कर दिया। देखते-ही-देखते माहौल बिगड़ गया और कार्यक्रम को बीच में ही रोकना पड़ा। यह आयोजन प्रतापनगर विकास समिति की ओर से किया गया था, जिसमें गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया और पूर्व सांसद रामचरण बोहरा भी शामिल हुए थे।

भाजपा कार्यकर्ता का आरोप

स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता मोहित गौतम ने कहा, "भगवान राम के विजय उत्सव पर हजारों लोगों को बुलाकर मुन्नी बदनाम जैसे गीत पर डांस कराना परंपरा और सनातन संस्कृति के खिलाफ है।" उन्होंने आरोप लगाया कि विरोध जताने पर उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की गई। गौतम का कहना है कि वे इसकी शिकायत प्रशासन से लेकर मुख्यमंत्री तक करेंगे। कार्यक्रम संयोजक ने आरोपों को बेबुनियाद बताया। उन्होंने कहा, "यह कार्यक्रम 23 वर्षों से हो रहा है। हर बार कुछ फिल्मी गानों पर डांस भी कराया जाता है। मुन्नी बदनाम जैसे गाने केवल मनोरंजन के लिए शामिल किए जाते हैं। इसमें अश्लीलता ढूंढना महज़ नजरिये का सवाल है।" इस घटना ने एक नई बहस को जन्म दिया है – धार्मिक आयोजनों में आधुनिक मनोरंजन की कितनी जगह होनी चाहिए? जहाँ कुछ लोग इसे भावनाओं से खिलवाड़ मान रहे हैं, वहीं आयोजकों का कहना है कि आम जनता के लिए यह केवल साल में एक दिन का मनोरंजन है।

दशहरा उत्सव में हादसा, कुंभकरण का जलता पुतला गिरा, फोटोग्राफर घायल



24 न्यूज अपडेट

श्रीगंगानगर। सूरतगढ़ में गुरुवार रात दशहरा उत्सव के दौरान बड़ा हादसा हो गया। नगर पालिका की ओर से राजीव गांधी स्टेडियम में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में कुंभकरण का जलता हुआ पुतला गिरने से एक फोटोग्राफर गंभीर रूप से झुलस गया।

जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में पूर्व मंत्री रामप्रताप कासनिया और विधायक डूंगरराम गैदर सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे। पूजा-अर्चना के बाद पहले रावण का छोटा पुतला दहन किया गया। इसके बाद भव्य आतिशबाजी के बीच क्रमशः मेघनाथ, कुंभकरण और रावण के पुतले जलाए जाने लगे।

इसी दौरान कुंभकरण का पुतला अचानक असंतुलित होकर फोटोग्राफी कर रहे लक्ष्मण सिंह राठौड़ के ऊपर गिर पड़ा। राठौड़ आग की लपटों में घिर गया और मौके पर हड़कंप मच गया।

पुलिसकर्मियों ने तुरंत राठौड़ को पुतले के नीचे से बाहर निकाला और एंबुलेंस की मदद से 108 ट्रॉमा सेंटर पहुँचाया। हादसे में उनके दोनों हाथ और पीठ बुरी तरह झुलस गए हैं। फिलहाल उनका इलाज जारी है।

राजस्थान यूनिवर्सिटी में RSS शस्त्र पूजन हंगामे के मामले में NSUI प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़ समेत 9 की जमानत खारिज



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। राजस्थान यूनिवर्सिटी में हाल ही में आयोजित RSS के शस्त्र पूजन कार्यक्रम के दौरान हंगामा करने के आरोप में NSUI के प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़ समेत 9 आरोपियों की जमानत खारिज कर दी गई है। जयपुर महानगर प्रथम की न्यायिक मजिस्ट्रेट (दक्षिण कोर्ट) ने अपने आदेश में कहा कि सभी आरोपियों पर प्रथमदृष्ट्या गंभीर आरोप हैं। कोर्ट ने कहा कि आरोपियों ने कार्यक्रम स्थल पर पोडियम गिराया, पोस्टर फाड़े और कार्यक्रम में शामिल लोगों की धार्मिक भावनाओं को आहत किया। इसके अलावा, मौके पर खड़ी पुलिस की गाड़ी की लाइट तोड़कर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया और राजकार्य में बाधा डाली। कोर्ट ने विशेष रूप से उल्लेख किया कि प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़ पर पहले से इसी तरह के छह मुकदमे दर्ज हैं, ऐसे में उन्हें जमानत देना न्यायोचित नहीं है। अभियुक्तों की ओर से पैरवी करने वाले वकीलों ने दावा किया कि पुलिस ने सुरक्षा कारणों से उन्हें शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार किया और बाद में गंभीर अपराध की धाराओं में मामला दर्ज किया। उन्होंने कहा कि एक ही घटनाक्रम की दो अलग-अलग रिपोर्ट बनाई गई, आरोपियों को झूठा फंसाया गया और उनके पास से कोई बरामदगी नहीं हुई। कोर्ट ने इस सभी दलीलों को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जमानत देना उचित नहीं है, और प्रकरण का निस्तारण कानूनी प्रक्रिया के अनुसार होगा।

होल्ड रखो दीपावली की सफाई, इंदर राजा अभी गए नहीं, 5-6 अक्टूबर को उदयपुर, जोधपुर और बीकानेर में भारी बारिश का अनुमान



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। अगर आपने दीपावली की सफाई शुरू करने का मन बनाया है तो होल्ड रखिये, आज की झमाझम बारिश के बाद भी इंदर राजा का मन भरा नहीं है। मौसम विभाग ने आगे की भी भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वर्तमान मौसम स्थितिः मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ मध्य वायुमंडल में 5.8 किमी ऊँचाई पर उत्तर में 32N अक्षांश के पास 67E देशांतर के साथ एक ट्रफ के रूप में देखा गया है। इसके साथ ही अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से नमी का प्रवाह उत्तर-पश्चिम भारत में पहुँच रहा है। इसका प्रभाव 5 से 7 अक्टूबर तक भारी बारिश और कहीं-कहीं ओले गिरने की संभावना के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें 6 अक्टूबर को अधिकतम प्रभाव रहने की संभावना है।

भारी बारिश की चेतावनीः

3-4 अक्टूबरः जोधपुर, उदयपुर, अजमेर, कोटा और जयपुर संभाग के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश और मेघगर्जन की संभावना है। 5 अक्टूबरः जोधपुर, बीकानेर, उदयपुर, अजमेर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र में दोपहर के बाद तेज मेघगर्जन और तेज हवाओं (30-40 किमी/घंटा) के साथ कहीं-कहीं मध्यम से तेज बारिश होने की संभावना। बीकानेर और शेखावाटी क्षेत्र में भारी बारिश का खतरा भी बना हुआ है। 6 अक्टूबरः राज्य के कई हिस्सों में पश्चिमी विक्षोभ का सर्वाधिक प्रभाव रहने की संभावना। जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, उदयपुर, जयपुर, भरतपुर और कोटा संभाग के कुछ हिस्सों में मेघगर्जन, आकाशीय बिजली और तेज हवाओं (30-40 किमी/घंटा) के साथ बारिश की संभावना है। बीकानेर और शेखावाटी क्षेत्र में भारी बारिश की भी संभावना है। 7 अक्टूबरः पूर्वी राजस्थान (जयपुर, भरतपुर, कोटा, उदयपुर संभाग) में मेघगर्जन के साथ बारिश की गतिविधियाँ जारी रहने की संभावना। 8 अक्टूबर सेः राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है।

मेघगर्जन, आकाशीय बिजली और तेज हवाओं की चेतावनीः

5 से 7 अक्टूबर के दौरान कहीं-कहीं अचानक तेज हवाएँ (30-40 किमी/घंटा) और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना बनी हुई है। ओले और बिजली गिरने की संभावना के कारण खेतों और खुले स्थानों पर आवश्यक सुरक्षा उपाय अपनाएँ। नदी-नाले और कमजोर ढाँचों के आसपास सुरक्षित रहें।

हिरण मगरी सेक्टर 4 में रविवार को होगी तीन दिगम्बर भव्य जैनेश्वरी दीक्षा

12 अक्टूबर को होगा तपस्वी साधुवृंदो का महापारणा महोत्सव





24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 3 अक्टूबर। हिरण मगरी सेक्टर 4 स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आगामी सप्ताह में दो भव्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। चातुर्मासरत आचार्य कल्प पुण्य सागर महाराज के पावन सान्निध्य में रविवार 5 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे से तीन दीक्षार्थियों – आदर्श कुमार जैन (फरीदाबाद), अरविंद भाई कोटडिया (मुंबई) और देवीलाल चंपालाल भोरावत (मुंबई) – की जैनेश्वरी दीक्षा विद्या निकेतन स्कूल प्रांगण, सेक्टर 4 में होगी। दीक्षा समारोह का संचालन पंडित हंसमुख जैन नंदनवन धरियावद और बाल ब्रह्मचारिणी वीणा दीदी करेंगी। दीक्षा से पूर्व नागेंद्रा भवन में प्रातः 6:30 बजे आचार्य का पाद प्रक्षालन पूजन एवं महाअर्चना होगी। प्रातः 8 बजे दीक्षार्थियों का अवतरण, 9 बजे मंगल प्रवचन और 9:30 बजे आचार्य संघ की आहार क्रिया सम्पन्न होगी। दिन में 12 बजे मंगलाचरण, दीक्षा कुंभ स्थापना, प्रार्थना और केशलौंच के कार्यक्रम होंगे। इसके बाद 12 अक्टूबर, रविवार को सेक्टर 4 के विद्या निकेतन स्कूल प्रांगण में तपस्वी साधुवृंदो का महापारणा महोत्सव होगा। इसमें शामिल होंगे मुनिराज मुनि महोत्सव सागर, मुनि उदित सागर और आर्यिका हर्षितमति, जिनकी वर्षों की तपस्या, व्रत और साधना का महापारणा समारोह संपन्न होगा। आयोजन में झमकलाल अखावत, सुंदरलाल लुणदिया, गौरव गनोडिया, पारस कुणावत और मुकेश पंड्या सहित समाज के विभिन्न पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। सकल दिगंबर जैन समाज सेक्टर 3, 4, 5 और उदयपुर द्वारा भव्य व्यवस्थाओं का आयोजन किया गया है।श्रद्धालु दिल्ली, फरीदाबाद, मुंबई, गौहाटी, सिलिगुड़ी, कोलकाता, एमपी और उदयपुर सहित देशभर से शामिल होंगे। कार्यक्रम में हल्दी, मेहंदी, आहार ग्रहण, शोभायात्रा और धार्मिक क्रियाएँ आयोजित होंगी।

जिस खांसी की दवा पर मचा बवाल, सरकारी जांच रिपोर्ट में सभी सैंपल सही व सुरक्षित पाए गए



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, जयपुर। हाल ही में जिस खांसी की सिरप को लेकर विवाद खड़ा हुआ था, वह सरकारी जांच में सुरक्षित पाई गई है। बीते दिनों इस सिरप के सेवन से कई बच्चों के बीमार होने और कथित तौर पर मौत के मामले सामने आए थे। इस घटना के बाद सरकार ने दवा की गुणवत्ता की जांच के आदेश दिए। सीकर, झुंझुनूं, भरतपुर सहित विभिन्न जिलों से लिए गए छह अलग-अलग बैचों के सैंपल ड्रग कंट्रोल डिपार्टमेंट की लैब में भेजे गए थे। शुक्रवार को आई रिपोर्ट में इन सभी सैंपलों को मानक के अनुरूप और सुरक्षित पाया गया। गौरतलब है कि सीकर और भरतपुर में डेक्सट्रोमेथारपन हाइड्रोब्रोमाइड आईपी सिरप पीने से चार से अधिक बच्चों के बीमार होने की शिकायतें आई थीं। वहीं दोनों जिलों में एक-एक बच्चे की मौत का दावा भी सामने आया था। इस पर सरकार ने तत्काल कंपनी की जांच शुरू कर सिरप के वितरण पर रोक लगा दी थी।

सीकर सीएमएचओ का बयान

सीकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि जिस सिरप के सेवन से बच्चे की मौत का आरोप लगाया गया, उस बैच की सप्लाई झुंझुनूं जिले में हुई ही नहीं थी। उनका कहना है कि सीकर में बच्चे की मौत सिरप से नहीं हुई। स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने भी विभाग और कंपनी का बचाव करते हुए कहा कि दवाइयों की सरकारी स्तर पर जांच करवा ली गई है और उनमें किसी प्रकार की खराबी नहीं पाई गई।

विद्यापीठ एग्रीकल्चर महाविद्यालय को राज्य सरकार की मान्यता, अब JET परीक्षा के माध्यम से 120 विद्यार्थी ले सकेंगे प्रवेश



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 3 अक्टूबर। राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के संघटक स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेस को राज्य सरकार से मान्यता मिल गई है। इस मान्यता के बाद इसी शैक्षणिक सत्र से जेट (Joint Entrance Test) के माध्यम से 120 विद्यार्थी एग्रीकल्चर महाविद्यालय में प्रवेश ले सकेंगे। कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने बताया कि राजस्थान विद्यापीठ राज्य का पहला विश्वविद्यालय है, जिसे राज्य सरकार, यूजीसी (UGC) और आईसीएआर (ICAR) तीनों से मान्यता प्राप्त है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में विद्यार्थियों को अत्याधुनिक सुविधाओं और नई तकनीकों का लाभ मिलेगा। प्रो. सारंगदेवोत ने बताया कि कृषि शिक्षा को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) तकनीक से जोड़ा गया है, जिससे विद्यार्थियों को परंपरागत खेती के साथ-साथ आधुनिक और स्मार्ट एग्रीकल्चर का अनुभव भी प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के बाद युवाओं का रुझान कृषि क्षेत्र की ओर तेजी से बढ़ा है और यह महाविद्यालय उन्हें बेहतर अवसर प्रदान करेगा।

कुलपति का सम्मान

राज्य सरकार से मान्यता मिलने की खुशी में कुलपति प्रो. एस. एस. सारंगदेवोत का उपरना ओढ़ाकर और मुँह मीठा कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर रजिस्ट्रार डॉ. तरुण श्रीमाली, परीक्षा नियंत्रक डॉ. पारस जैन, निदेशक प्रो. गजेन्द्र माथुर, प्रो. आई. जे. माथुर, प्रो. ए. एस. जोधा, डॉ. युवराज सिंह राठौड़, डॉ. धर्मेंद्र राजौरा, डॉ. शैलेंद्र मेहता, कृष्णकांत कुमावत, जितेंद्र सिंह चौहान, डॉ. यज्ञ आमेटा, डॉ. सौरभ सिंह, मुर्तजा सहित कई शिक्षकों व कार्यकर्ताओं ने कुलपति का अभिनंदन किया।


निरामय राजस्थान अभियानः अक्टूबर माह की थीम :कम तेल, ज्यादा सेहत



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शंकर एच. बामनिया ने बताया कि निरामय राजस्थान अभियान के अंतर्गत आज अतिरिक्त मिशन निदेशक द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आमुखीकरण किया गया। अक्टूबर माह की थीम "कम तेल, ज्यादा सेहत" के तहत आमजन को त्योहारों के दौरान खाने-पीने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है। डॉ. बामनिया ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के जनकल्याणकारी प्रयासों के तहत यह अभियान शुरू किया गया है। अक्टूबर में त्योहारों के मद्देनजर लोगों को अधिक तेल का सेवन करने से होने वाले स्वास्थ्य खतरों जैसे हृदय रोग, मधुमेह, मोटापा और उच्च रक्तचाप के प्रति सचेत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन एक व्यक्ति के लिए 25 ग्राम तेल का सेवन पर्याप्त है। तेल की मात्रा कम रखने से व्यक्ति स्वस्थ और रोगमुक्त रहता है। सीएमएचओ ने सभी चिकित्सा संस्थानों को निर्देश दिए हैं कि एनसीडी (गैर-संचारी रोग) स्क्रीनिंग के लिए आने वाले रोगियों के साथ स्वास्थ्य चर्चा की जाए और उन्हें "कम तेल, ज्यादा सेहत" के बारे में सही जानकारी दी जाए। साथ ही, प्म्ब् (सूचना, शिक्षा और संचार) माध्यमों के द्वारा इस थीम का प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुधारना और राजस्थान को स्वास्थ्य की दृष्टि से एक आदर्श राज्य बनाना है।

विनायक कॉलोनी मित्र मण्डल के गरबे का हुआ रंगारंग समापन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शहर के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित विनायक कॉलोनी मित्र मण्डल की ओर से आयोजित नौ दिवसीय शारदीय नवरात्रि महोत्सव का समापन हुआ। विनायक कॉलोनी मित्र मण्डल के राजकुमार जैन ने बताया कि नौ दिनों तक माताजी की पूर्ण भक्तिभाव से आराधना की गई। मूर्ति विसर्जन केर साथ ही गरबा महोत्सव का समापन हुआ। सभी कॉलोनीवासियों की ओर से डांडिय़ों की खनक के साथ देर रात तक गरबा खेला गया। इस अवसर पर जगदीश चौबीसा, कमलकांत मेनारिया, कालूलाल वेद, गणेश लाल औदिच्य, गोपाल औदिच्य, पुष्कर मेनारिया, मुकेश मूदंड़ा, सुरेश टेलर, रोहित मेघवाल, अनिल मेघवाल, मनद तेली, हेमेन्द्र कुमावत, पुष्कर सुथार, मेहन्द्र सिंह, भावेश टेलर, प्रकाश कुमावत, गोपाल पुर्बिया आदि मौजूद।

एग्रीकल्चर स्कूल लेक्चरर भर्ती के आवेदन की अंतिम तारीख आजः RPSC ने 500 पदों पर निकाली थी वैकेंसी, 40 साल से कम उम्र होनी चाहिए



24 न्यूज अपडेट

राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) की ओर से माध्यमिक शिक्षा विभाग के लिए एग्रीकल्चर लेक्चरर (स्कूल शिक्षा) के 500 पदों पर निकाली गई भर्ती के आवेदन की शुक्रवार को लास्ट डेट है। ऑनलाइन आवेदन 4 सितंबर से शुरू किए गए थे।

सचिव रामनिवास मेहता ने बताया-ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। परीक्षा की तारीख, स्थान के बारे में बाद में सूचित कर दिया जाएगा। पदों की कैटेगरी जल्द जारी होगी। शैक्षणिक योग्यता, आवेदन प्रक्रिया और अन्य जानकारी संबंधी विस्तृत सूचनाएं आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

आयु सीमा

कैंडिडेट्स की आयु एक जनवरी 2026 को न्यूनतम 21 साल, अधिकतम 40 साल से कम होनी चाहिए। आयोग की ओर से पूर्व में साल 2022 में भर्ती निकाली गई थी। उसके बाद कोई भर्ती नहीं निकाली। ऐसे में दो साल की अतिरिक्त छूट दी गई है।

आयु सीमा में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग/अति पिछड़ा वर्ग / आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के पुरुष को अधिकतम आयु में 5 साल, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग / अति पिछड़ा/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिला को अधिकतम आयु में 10 साल और सामान्य (अनारक्षित) वर्ग की महिला को भी पांच साल की छूट मिलेगी। जबकि विधवा परित्यक्ता महिला के लिए अधिकतम आयु सीमा नहीं रखी है।

तराश संस्थान ने किया पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। लाई का गुड़ा पालड़ी कटारा बडी रोड पुलिस अन्वेक्षन के सामने तराश संस्थान ने आम के पौधों का वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। आम के वृक्ष न केवल छाया और फल प्रदान करते हैं, बल्कि वर्षा का संतुलन बनाए रखने में भी सहायक होते हैं। संस्थान की संस्थापक हेमलता चौहान ने कहा कि वृक्ष हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग हैं और स्वच्छ पर्यावरण व पृथ्वी पर प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने सभी से स्वैच्छिक रूप से वृक्षारोपण में भाग लेने और पौधों की सुरक्षा करने का आह्वान किया। चाइल्ड हेल्पलाइन से मोईन पिंजारा ने बताया कि पौधरोपण न केवल पर्यावरण को स्वच्छ बनाता है बल्कि बीमारियों से बचाव में भी सहायक है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए ताकि पृथ्वी पर प्राकृतिक संतुलन बना रहे। उदयपुर में यह पौधरोपण अभियान शहर में बढ़ते प्रदूषण और शहरी गर्मी के प्रभाव को कम करने के लिए महत्वपूर्ण कदम है। पिछले दिनों नगर निगम और विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा भी शहर के विभिन्न हिस्सों में वृक्षारोपण अभियान चलाए गए हैं। इस मौके पर तराश संस्थान के तनिष्क, जय प्रकाश, अनीता, मोहन लाल लोहार, मोइन मंसूरी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।